प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री जन धन योजना के आज 11 वर्ष हुए पूर : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–योजना ने वित्तीय समावेशन के माध्यम से सशक्तिकरण कर देशभर में बदला लोगों का जीवन।
2. संभल हिंसा की जांच कर रहे तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपी रिपोर्ट : प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने कहा– अध्ययन करने के बाद की जाएगी आगे की कार्रवाई।
3. मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ में श्रम कानूनों के सरलीकरण की समीक्षा बैठक की : सरकार जल्द लाएगी सुगम्य व्यापार संशोधन विधेयक 2025। और
4. बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियां उफान पर : बदायूं, फर्रुखाबाद, गाजीपुर और बलिया में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर।

———————

प्रधानमंत्री जन धनयोजना को आज 11 वर्ष पूरे हो गए हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री जन–धन योजना की झलकियां साझा करते हुए बताया कि कैसे इस योजना ने वंचित लोगों का

वित्तीय समावेशन से सशक्तिकरण कर पूरे भारत में जीवन को बदल दिया है। बलरामपुर में प्रधानमंत्री जनधन योजना की एक लाभार्थी सरोज देवी ने योजना के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया है। बाइट.....

*जन धन खाता बहुत से महिलाए खुला है। यही से बहुत लाभ है। बहुत लेन देन सब इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी जी का आभार जताया।*

—————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जापान में 15 वें भारत–जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। बनारस घराने के मशहूर तबला वादक लच्छू महाराज के जापानी शिष्य सीगेरू मोरियम कल प्रधानमंत्री के स्वागत मं टोक्यो में अपनी प्रस्तुति देंगे। पेश है एक रिपोर्ट.....

*बनारस से करीब साढ़े पांच हजार किलोमीटर दूर जापान की राजधानी टोक्यो में कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने मशहूर तबला वादक पंडित लच्छू महाराज के जापानी शिष्य सीगेरू मोरियम अपनी प्रस्तुति देंगे। सीगेरू मोरियम कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के सामने प्रस्तुति देने को लेकर वह बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि जापान के लोगों में भारतीय कला और संस्कृति के प्रति रुचि लगातार बढ़ रही है। बाइट....*

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सामने मैं अपना तबला और सितार सारंगी और कटक डांस और परफॉर्मेंस करने का मौका मिला हूँ बहुत खुशी हुई है और आज कल जापान में इंडियन कल्चर जैसे योगा भी है और इंडियन खाना भोजन है और सितार संगीत डांस हर तरह का इंडियन कल्चर का बहुत बढ़ रहा है और जापानी लोग भी सीखना चाहते हैं।*

*बनारस में रहने के दौरान शास्त्रीय संगीत के साथ हिंदी सीखने वाले सीगेरू कहते हैं कि जापान के लोग भारतीय योग, कला और संस्कृति से काफी प्रभावित हो रहे हैं। ओम अवस्थी, आकाशवाणी समाचार टोक्यो)*

—————————

नवंबर 2024 में हुई संभल हिंसा की जांच कर रहे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रिटायर्ड जस्टिस देवेंद्र कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने आज लगभग 450 पन्नों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बाइट....

*जी ये जो संभल में जो घटना हुई थी इसके जाँच के लिए जो प्रदेश सरकार ने जो न्यायिक आयोग गठित किया था आज उन्होंने अपनी रिपोर्ट मानी मुख्यमंत्री जी को सौंपी है और उस पर आगे की कारवाही की जाए। रिपोर्ट के अध्ययन करने के बाद ही उसके बारे में धन्यवाद देते हैं।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में श्रम कानूनों के सरलीकरण की समीक्षा बठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास के साथ श्रमिकों की सुरक्षा और सुविधा की गारंटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्य सरकार जल्द ही 'सुगम्य व्यापार प्रावधानों का संशोधन विधेयक 2025' लाएगी। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य में उद्योग और व्यापार से जुड़े 13 राज्य अधिनियमों में लगभग 99 प्रतिशत आपराधिक प्रावधान समाप्त करने की तैयारी हो रही है। 'सुगम्य व्यापार विधेयक–2025 के अंतर्गत आबकारी अधिनियम, शीरा अधिनियम, वृक्ष संरक्षण अधिनियम, राजस्व संहिता, गन्ना अधिनियम, भूगर्भ जल अधिनियम, नगर निगम अधिनियम, प्लास्टिक कचरा अधिनियम, सिनेमा अधिनियम तथा क्षेत्र व जिला पंचायत अधिनियम सहित कई कानूनों को अधिक व्यावहारिक स्वरूप दिया जाएगा। इनमें जहाँ पहले*

*कारावास की सज़ा का प्रावधान था, वहां अब अधिक आर्थिक दंड व प्रशासनिक कार्रवाई को वरीयता देने की योजना है। बैठक में श्रम कानूनों के सरलीकरण पर भी चर्चा हुई। साथ ही 'निवेश मित्र 3.0' परभी विचार–विमर्श हुआ। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।*

——————————

जम्मू–कश्मीर में, रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों और अर्धकुंवारी में हुए भूस्खलन के बाद श्री माता वैष्णो देवी यात्रा लगातार तीसरे दिन स्थगित रही। इस त्रासदी में कई लोगों की जान चली गई और कई घायल हो गए, जिससे पूरे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए श्रद्धालुओं से अपनी यात्रा स्थगित करने का आग्रह किया है। श्री वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड पुनर्निर्माण कार्यों की निगरानी कर रहा है। सहायता के लिए हेल्पलाइन भी शुरू की गई है।

——————————

## <u>ब्रेक</u>

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज एक दिवसीय दौरे पर ललितपुर पहुंची। उन्होंने अधिकारियों के साथ विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की। राज्यपाल ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डैम और नहरों के बेहतर उपयोग से बुंदेलखंड में पानी की समस्या समाप्त होगी। बाइट.....

*नदियों का उपयोग डैम बनाकर, नहर बना करके खेतों तक पानी पहुंचाना चाहिये था, इसमें बहुत ही देरी हो गई और इसी वहज से पिछड़ा, पिछड़ा ही रहा। ये प्रधानमंत्री जी ने शुरू किया है डैम परियोजना और जब ये पूरी हो जायेगी, तब बुंदेलखंड की जो दशा है वह बदल जायेगी।*

——————————

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग प्रारंभिक अर्हता परीक्षा–पीईटी 2025 प्रदेश के 48 जिलों में 6 और 7 सितंबर को आयोजित करेगा। आयोग ने अभ्यर्थियों को जिला आवंटन करने संबंधी सूचना जारी कर दी है। इसे आयोग की वेबसाइट upssc.gov.in पर देखा जा सकता है।

——————————

गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने आज अयोध्या में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ विशेष बैठक की। बैठक में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और

गोवंश संरक्षण के उपायों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि अब अयोध्या आने वाले देश–विदेश के श्रद्धालुओं को केमिकल फ्री भोजन मिलेगा। बाइट.....

*यहाँ हम लोगों का आने का उद्देश्य है कि अयोध्या जनपद को हम लोग यूपी का पहला ऐसा जनपद बनाना चाहते हैं जहाँ हर किसान के पास गाय होगी और गौमूत्र और गोबर आधारित आधारित प्राकृतिक खेती होगी जिसमें केमिकल्स का प्रयोग नहीं होगा और जो जहर मुक्त अ फल सब्जियाँ पैदा होगी वो अयोध्या में रहने वाले देश विदेश के आने वाले लोग सबको केमिकल फ्री अनाज फल सब्जियाँ प्राप्त हो। उस उद्देश्य से आज जिले की समीक्षा बैठक रखी गई है।*

————————

वाराणसी के रामनगर की विश्व प्रसिद्ध रामलीला 6 सितंबर से प्रारंभ होगी। एक महीने तक चलने वाली रामलोला को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस रामलीला की खासियत यह है कि इसमें पात्र आज भी पारंपरिक वेशभूषा के साथ बिना लाउडस्पीकर के संवाद अदायगी करते हैं।

————————

वाराणसी में पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक दिनेश ने आज बताया कि संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश के संयुक्त प्रयास से सारनाथ के चौखंडी स्तूप और धमेख स्तूप को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक,

वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन यूनेस्को की हाई लिस्ट में शामिल कर लिया गया है।

————————

रुक–रुक कर हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियां उफान पर हैं। बदायूं, फर्रुखाबाद, गाजीपुर और बलिया में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। हापुड़ जिले के कई गांवों में गंगा नदी का पानी पहुंचने से आवागमन बाधित हो गया है। हापुड़ के जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है। बाइट.....

*लगभग हफ्ते दस दिन पहले गंगा जी का जलस्तर थोड़ा कम होना चालू हुआ था परंतु बाद में फिर से बारिश की वजह से जलस्तर बढ़ रहा है। जिससे खादर क्षेत्र के लगभग छह से सात गांव ऐसे हैं जहां फसलों में गंगा जी का पानी आ गया है। गंगा नगर करके एक दो क्षेत्र हैं जहां पर आबादी के पास भी पानी पहुंच रहा है। तहसील स्तर पर राशन किट, चारे और डॉक्टर के मेडिकल किट आदि की व्यवस्था करने के लिए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।*

(समाप्त)